Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ
كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِيْنَ
مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ

(सूरत बक़रह:184)

अनुवाद : हे वे लोगो जो ईमान लाए हो! तुम पर रोज़े इसी तरह फ़र्ज़ कर दिए गए हैं जिस तरह तुम से पहले लोगों पर फ़र्ज़ किए गए थे ताकि तुम तक़्वा इख़्तियार करो।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 13

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

27 शाबान 1443 हिज्री कमरी, 31 अमान 1401 हिज्री शम्सी, 31 मार्च 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

रोज़े कवच हैं

(1794) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: रोज़े कवच हैं। अत: कोई व्यक्ति अश्लील बात न करे और न जहालत की बात, और यदि कोई आदमी उससे लड़े या गाली दे तो चाहिए कि उससे दोबार कहे कि मैं रोज़ेदार हूँ। उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है रोज़ादार के मुँह की बू अल्लाह तआला को मुश्क से ज़्यादा प्रिय है। (अल्लाह तआला फ़रमाता है) कि वह अपना खाना और अपना पीना और अपनी अभिलाषा मेरी ख़ातिर छोड़ देता है। रोज़े मेरे लिए हैं और मैं ही उसका बदला हूँ और नेकी का बदला दस गुना हैं।

बाबे रेयान रोज़ेदारों के लिए होगा

(1796) हज़रत सुहैल रज़ियल्लाहु अन्हु नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से रिवायत की कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : जन्नत में एक दरवाज़ा है जिस को रेयान कहते हैं। क़ियामत के दिन रोज़ादार उससे दाख़िल होंगे। उनके सिवा कोई इससे दाख़िल नहीं होगा। पूछा जाएगा : रोज़ादार कहाँ हैं? तो वे खड़े हो जाऐंगे। इन के सिवा कोई इस से दाख़िल नहीं होगा। अत: जब वे दाख़िल हो जाऐंगे तो वह बंद कर दिया जाएगा तो फिर कोई भी उस से दाख़िल नहीं होगा।

★ ★ ★ (.सही बुख़ारी, भाग 3, किताब अल् सौम, मुद्रित क़ादियान 2008 ई)

यह बात निहायत अफ़सोसनाक है कि यूक्रेन में जंग छिड़ गई है और हालात अत्यधिक भयानक रूप धारण कर चुके हैं

मैं दुनिया की बड़ी ताक़तों को सावधान करता चला आया हूँ कि उन्हें तारीख़ से, विशेषता बीसवीं सदी में होने वाली दो तबाहकुन वैश्विक जंगों से सबक़ हासिल करना चाहिए

मैं रूस, नेटो और समस्त बड़ी ताक़तों को पुरज़ोर तलक़ीन करता हूँ कि वे अपने समस्त प्रयास इन्सानियत को बचाने की ख़ातिर झगड़ों का अंत करने में करें और दूतावास से संबंधित माध्यमों से शांति का हल तलाश करें

रूस, यूक्रेन झगड़े के बारे में इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़

विश्वव्यापी इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ रूस /यूक्रेन के वर्तमान झगड़े के विषय में फ़रमाते हैं :

पिछले कई वर्षों से मैं दुनिया की बड़ी ताक़तों को सावधान करता चला आया हूँ कि उन्हें तारीख़ से, विशेषता बीसवीं सदी में होने वाली दो तबाहकुन विश्वव्यापी जंगों से सबक़ हासिल करना चाहिए। इस सिलसिले में मैं ने विभिन्न अक़्वाम के सरबराहों को पत्र लिख कर बड़ी ज़ोरदार तवज्जा दिलाई कि वे अपने क़ौमी और व्यक्तिगत लाभों को छोड़ कर समाज की हर सतह पर वास्तविक इन्साफ़ को क़ायम करते हुए दुनिया की अमन और शांति को प्राथमिकता दें।

यह बात निहायत अफ़सोसनाक है कि यूक्रेन में जंग छिड़ गई है और हालात इंतिहाई संगीन सूरत-ए-हाल धारण कर चुके हैं। तथा यह भी सम्भव है कि रूसी हुकूमत के आइन्दा इक़दामात और इस पर नेटो (nato) और बड़ी ताक़तों के रद्दे अमल के बायस यह जंग मज़ीद वुसअत इख़्तियार कर जाए। और इस में कोई शक नहीं कि इसके परिणाम इंतिहाई भयानक और हानिकारक होंगे। इसलिए यह वक़्त की अहम ज़रूरत है कि मज़ीद जंग और ख़ून रेज़ि से बचने की हर सम्भव कोशिश की जाए। अब भी वक़्त है कि दुनिया तबाही के दहाने से पीछे हट जाए। मैं रूस, नेटो (nato) और समस्त बड़ी ताक़तों को पुरज़ोर तलक़ीन करता हूँ कि वे अपनी समस्त कोशिशें इन्सानियत को बचाने की ख़ातिर झगड़ों को ख़त्म करने में करें और दूतावास के माध्यम से पुर अमन हल तलाश करें।

जमाअत अहमदिया मुस्लिमा का प्रमुख होने के नाते में केवल यही कर सकता हूँ कि दुनिया के सयासी नेतृत्व करने वालों को ध्यान इस ओर करवा दूं कि वह विश्वव्यापी अमन को प्राथमिकता देते हुए, समस्त मानव जाति की भलाई के लिए अपने क़ौमी लाभ और दुश्मनियों को दूर करे। इसलिए मेरी दिल से दुआ है कि दुनिया के हुकमरान होश से काम लें और इन्सानियत की बेहतरी के लिए प्रयास करें।

मैं दुआ करता हूँ कि आज भी और आइन्दा भी दुनिया का नेतृत्व करने वाले जंग, ख़ूँरेज़ी और तबाही के अज़ाब से मानवता को सुरक्षित रखने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। और मैं दिल की गहराई से दुआ करता हूँ कि बड़ी ताक़तों के लीडर और उनकी हुकूमतें ऐसे इक़दामात न उठाएं जो हमारे बच्चों और आने वाली नसलों के मुस्तक़बिल को तबाह करने वाले हों बल्कि उनकी हर कोशिश और प्रयास इस बात को विश्वसनीय बनाने के लिए होनी चाहिए कि हम अपनी आइन्दा नसलों के लिए ख़ुशहाल और पुर अमन दुनिया छोड़ कर जाएं।

मैं दुआ करता हूँ कि विश्वव्यापी राहनुमा वक़्त की नज़ाकत का एहसास करने वाले और दुनिया में शांति पैदा करने और इस्तिहकाम को यक़ीनी बनाने की ज़िम्मेदारी को बेहतरीन अंदाज़ से निभाने वाले हों। अल्लाह तआला समस्त मासूम और निहत्ते लोगों को अपनी हिफ़्ज़-ओ-अमान में रखे और दुनिया में वास्तविक और सदैव रहने वाला अमन क़ायम हो। आमीन।

मिर्ज़ा मसरूर अहमद
ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस
विश्वव्यापी इमाम जमाअत अहमदिया मुस्लिमा

(धन्यवाद सहित अख़बार अल् फ़ज़ल इंटरनैशनल लंदन)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

"ख़ुदा ने मुझे क़ुरआन का ज्ञान प्रदान किया है और इस ज़माना में उस ने क़ुरआन सिखाने के लिए मुझे दुनिया का उस्ताद निधोरित किया है। ख़ुदा ने मुझे इस उद्देश्य के लिए खड़ा किया है कि

मैं मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और क़ुरआन-ए-करीम के नाम को दुनिया के किनारों तक पहुंचाऊं और इस्लाम के मुक़ाबला में दुनिया के समस्त झूठे अदयान को हमेशा की शिकस्त दे दूं।"

भविष्यवाणी मुस्लेह मौऊद के मिस्दाक़ हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं और गुणों का ईमान अफ़रोज़ वर्णन

"?दुनिया ज़ोर लगा ले वे अपनी समस्त ताक़तों और जमईयतों को इकट्ठा कर ले। ईसाई बादशाह भी और उसकी हुकूमतें भी मिल जाएं। यूरोप भी और अमरीका भी इकट्ठा हो जाए। दुनिया की समस्त बड़ी बड़ी मालदार और ताक़तवर कौमें इकट्ठी हो जाएं और वे मुझे इस उद्देश्य में नाकाम करने के लिए एक जुट हो जाएं फिर भी मैं ख़ुदा की क़सम खा कर कहता हूँ कि वे मेरे मुक़ाबले में असफल रहेंगी और ख़ुदा मेरी दुआओं और प्रयासों के सामने उनकी समस्त योजनाओं और मकरों और षड्यंत्रों को ध्वस्त कर देगा और ख़ुदा मेरे द्वारा अथवा मेरे शागिर्दों और इत्तिबा के द्वारा से इस भविष्यवाणी की सच्चाई प्रमाणित करने के लिए रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के नाम के अधीन और इस्लाम की सच्चाई की इज़्ज़त को स्थापित करेगा और उस वक़्त तक दुनिया को नहीं छोड़ेगा जब तक इस्लाम फिर अपनी पूरी शान के साथ दुनिया में स्थापित न हो जाए और जब तक मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को फिर दुनिया का ज़िन्दा नबी स्वीकार न कर लिया जाए।"

अल्लाह तआला ने आपको उलूम से ऐसा परिपूर्ण किया कि आपकी बावन वर्ष की ज़िंदगी इस पर गवाह है कि चाहे वह दीनी विषय का प्रश्न हो या किसी दुनियावी विषय का, जब भी आपको किसी विषय पर लिखने और बोलने का कहा गया आपने इलम-ओ-इर्फ़ान के दरिया बहा दिए

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 11 फ़रवरी 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

भविष्यवाणी मुस्लेह मौऊद के हवाले से जलसे भी करते हैं और इस दिन को याद भी रखते हैं। एक बेटे के जन्म की यह भविष्यवाणी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने दुश्मनों के इस्लाम पर आरोपों के उत्तर में अल्लाह तआला से ख़बर पाकर की थी कि इस्लाम के दुश्मन कहते हैं कि इस्लाम कोई निशान नहीं दिखाता। आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि मैं ख़ुदा तआला से सूचना प कर कहता हूँ कि एक बड़ा निशान इस्लाम की सदाक़त का जो मेरे माध्यम से पूरा होगा वह मेरे एक बेटे का जन्म है जो लंबी आयु पाएगा। इस्लाम की ख़िदमत करेगा। और बताया कि ये ये विशेषताएं उस में होंगी और तक़रीबन बावन, त्रिप्पन विशेषताएं वर्णन फ़रमाई और यह कोई मामूली भविष्यवाणी नहीं थी। एक निर्धारित समय भी बताया और बहरहाल इस निर्धारित समय में वह बेटा पैदा हुआ और उसने लंबी उम्र भी पाई और उसे इस्लाम की ग़ैरमामूली ख़िदमत की तौफ़ीक़ भी मिली। हर वर्ष इस भविष्यवाणी के हवाले से मुख़्तलिफ़ पहलूओं पर जमाअती जलसों में रोशनी डाली जाती है। इस वर्ष भी इन शा अल्लाह ये सब कुछ होगा। मुख़्तलिफ़ जमाअतों के जलसे होंगे। इसी तरह एम.टी.ए पर भी प्रोग्राम आते हैं। तफ़सीलात तो वहां से पता लगती जाएँगी। इस वक़्त मैं हज़रत मुस्लेह मौऊद के अपने शब्दों में आपकी आरंभिक ज़िंदगी कैसी थी और आपकी सेहत का क्या हाल था और आपके साथ अल्लाह तआला का क्या व्यवहार था, इस बारे में कुछ हवाले पेश करूँगा।

यह भविष्यवाणी लंबी आयु पाने वाले बच्चे के बारे में थी। भविष्यवाणी थी कि एक बच्चा लंबी आयु पाएगा। इस लंबी आयु पाने वाले बच्चा की सेहत की हालत का अनुमान आप इस बात से कर सकते हैं कि हज़रत मुस्लेह मौऊद स्वयं ही फ़रमाते हैं कि बचपन में मेरी सेहत अत्यधिक कमज़ोर थी। पहले काली खांसी हुई और फिर मेरी सेहत ऐसी गिर गई कि ग्यारह बारह वर्ष की आयु तक मैं मौत और जीवन के संघर्ष में ग्रस्त रहा और आम तौर पर यही समझा जाता रहा कि मेरी ज़्यादा लंबी आयु नहीं हो सकती। ईसी दौरान में मेरी आँखें दुखने लगी और इस क़दर दुखी कि मेरी एक आँख क़रीबन मारी गई। अर्थात इस में से नज़र आना बंद हो गया। इस लिए इस में से मुझे बहुत कम-नज़र आता है। जब आप अलैहिस्सलाम यह फ़र्मा रहे थे तो आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि अभी भी बहुत कम-नज़र आता है। फिर जब मैं और बड़ा हुआ तो नियमित छः सात माह तक मुझे बुख़ार आता रहा। और सिल और दिक का रोग मुझे क़रार दिया गया। अर्थात टी. बी. का मरीज़ बताया गया और फ़रमाते हैं कि इन कारणों से बाक़ायदा पढ़ाई भी नहीं कर सकता था। स्कूल नहीं जाता था। लाहौर के ही मास्टर फ़क़ीर उल्लाह साहिब हैं, लाहौर में ही आप अलैहिस्सलाम यह लैक्चर दे रहे थे जिनकी मुस्लिम टाउन में कोठी है फ़रमाते हैं कि हमारे स्कूल में हिसाब पढ़ाया करते थे। उन्होंने एक दफ़ा मेरे विषय में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पास शिकायत की कि यह पढ़ने नहीं आता और अक्सर स्कूल से ग़ायब रहता है। हज़रत मुस्लेह मौऊद फ़रमाते हैं कि मैं डरा कि शायद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम नाराज़ होंगे परन्तु हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाने लगे कि मास्टर साहिब उसकी सेहत कमज़ोर रहती है हम इतना ही शुक्र करते हैं कि यह कभी कभी स्कूल में चला जाता है और कोई बात उसके कानों में पड़ जाती है। ज़्यादा ज़ोर उस पर न दें। फ़रमाते हैं कि बल्कि मुझे यह भी याद है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह भी फ़रमाया कि हमने हिसाब सिखा कर उसे क्या करना है। क्या हमने उससे कोई दुकान करानी है?

तो यह थी आप अलैहिस्सलाम की बचपन की सेहत की हालत और स्कूल जाने की हालत।

कौन ऐसी हालत में लंबी आयु की ज़मानत दे सकता है लेकिन न केवल लंबी आयु पाई बल्कि यह भी इस में भविष्यवाणी थी कि उलूम ज़ाहिरी और बातिनी से परिपूर्ण किया जाएगा।

ऐसे हालात में कौन कह सकता है कि उलूम भी उसको हासिल होंगे। बहरहाल आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि क़ुरआन और हदीस पढ़ लेगा तो काफ़ी है। कहते हैं कि उदेश्य मेरी सेहत ऐसी कमज़ोर थी कि दुनिया के इलम पढ़ने के विषय में बिल्कुल ना-काबिल था। मेरी नज़र भी कमज़ोर थी। मैं प्राइमरी, मिडल और इंटरैंस की परीक्षा में फ़ेल हुआ। किसी इमतिहान में पास नहीं हुआ परन्तु ख़ुदा ने मेरे बारे में ख़बर दी थी कि मैं उलूम-ए-ज़ाहिरी और बातिनी से परिपूर्ण किया जाऊँगा। इस लिए बावजूद इस के कि संसारिक ज्ञान में से कोई इलम मैंने नहीं पढ़ा अल्लाह तआला ने ऐसी महान इलमी किताबें मेरे क़लम से लिखवाई कि दुनिया उनको पढ़ कर हैरान है और वे यह स्वीकार करने पर विवश है कि इससे बढ़कर इस्लामी मसायल के सम्बन्ध में और कुछ नहीं लिखा जा सकता। आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि अभी तफ़सीर-ए-कबीर के नाम से मैंने क़ुरआन-ए-करीम की तफ़सीर का एक हिस्सा लिखा है उसे पढ़ कर बड़े बड़े मुख़ालिफ़ों ने भी स्वीकार किया है कि इस जैसी आज तक कोई तफ़सीर नहीं लिखी गई। फिर हमेशा मैं लाहौर में आता रहता हूँ और यहां के रहने वाले जानते हैं कि मुझ से कॉलिजों के प्रोफ़ैसर मिलने आते हैं। स्टूडैंटस मिलने आते हैं। डाक्टर मिलने आते हैं। मशहूर प्लेडर और वकील मिलने आते हैं। परन्तु आज तक एक दफ़ा भी ऐसा नहीं हुआ कि किसी बड़े से बड़े मशहूर ज्ञानी ने मेरे सामने इस्लाम और क़ुरआन पर कोई एतराज़ किया हो और मैंने इस्लाम और क़ुरआन की तालीम की रोशनी में ही उसे निरुत्तर न कर दिया हो और उसे यह तस्लीम न करना पड़ा हो कि वास्तव में इस्लाम की तालीम पर कोई हक़ीक़ी आरोप नहीं हो सकता। यह केवल अल्लाह तआला का फ़ज़ल है जो मेरे शामिल-ए-हाल है अन्यथा मैंने दुनयावी उलूम के लिहाज़ से कोई इलम नहीं सीखा लेकिन मैं इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि ख़ुदा ने मुझे अपने पास से इलम दिया और ख़ुद मुझे हर किस्म के ज़ाहिरी और बातिनी उलूम से हिस्सा अता फ़रमाया।

फिर आप अलैहिस्सलाम उलूम-ए- ज़ाहिरी और बातिनी से परिपूर्ण किए जाने के

बारे में

कि किस तरह अल्लाह तआला ने ज्ञान सिखाए, फ़रमाते हैं कि मैं अभी बचा ही था कि मैंने सवप्न में देखा कि एक घंटी बजी है और इस में से टन की आवाज़ पैदा हुई है जो बढ़ते बढ़ते एक तस्वीर के फ्रेम की सूरत इख़तियार कर गई। फिर मैं ने देखा कि इस फ्रेम में से एक तस्वीर प्रकट हुई। थोड़ी देर के बाद तस्वीर हिलनी शुरू हुई और फिर सहसा इस में से कूद कर एक वजूद मेरे सामने आ गया और उसने कहा मैं ख़ुदा का फ़रिश्ता हूँ और तुम्हें क़ुरआन-ए-करीम की तफ़सीर सिखाने के लिए आया हूँ। मैंने कहा सिखाओ। तब उसने सूरत फ़ातिहा की तफ़सीर सिखानी शुरू कर दी। वह सिखाता गया, सिखाता गया और सिखाता गया। यहां तक कि जब اِيَّاكَ نَعۡبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسۡتَعِيۡنُ तक पहुंचा तो कहने लगा कि आज तक जितने मुफ़स्सर गुज़रे हैं इन सब ने केवल इस आयत तक तफ़सीर लिखी है लेकिन मैं तुम्हें उस के आगे भी तफ़सीर सिखाता हूँ। इस लिए उसने सारी सूरत फ़ातिहा की तफ़सीर मुझे सिखा दी।

इस स्वप्न के अर्थ वास्तव में यही थे कि क़ुरआन को समझने का ज्ञान मेरे अंदर रख दिया गया है। इस लिए यह प्रतिभा मेरे अंदर इस क़दर है कि

मैं यह दावा करता हूँ कि जिस मज्लिस में चाहो मैं यह दावा करने के लिए तैयार हूँ कि सूरत फ़ातिहा से ही मैं समस्त इस्लामी उलूम वर्णन कर सकता हूँ।

आप अलैहिस्सलाम खुल के पब्लिक में यह तक़रीर कर रहे हैं, दुनिया को बता रहे हैं, चैलेंज दे रहे हैं लेकिन कभी नहीं हुआ कि आप अलैहिस्सलाम के मुक़ाबले में इस तरह कोई आया हो। फिर फ़रमाते हैं कि मैं अभी छोटा ही था स्कूल में पढ़ा करता था कि हमारे स्कूल की फूटबाल टीम अमृतसर के ख़ालसा कॉलेज की टीम से खेलने के लिए गई। मुक़ाबला हुआ और हमारी टीम जीत गई। इस पर बावजूद इस मुख़ालफ़त के जो मुस्लमान हमारी जमाअत के साथ रखते हैं चूँकि एक रंग में मुस्लमानों का सम्मान हुआ था इस लिए अमृतसर के एक अमीर लोगों ने हमारी टीम को चाय की दावत दी। जब हम वहां गए तो मुझे तक़रीर करने के लिए खड़ा कर दिया गया। मैंने इस तक़रीर के लिए कोई तैयारी नहीं की थी। जब मुझे खड़ा किया गया तो तुरंत मुझे फ़रिश्ते की तफ़सीर सिखाने वाला यह स्वप्न याद आ गया। तो पहले मैंने उसके ऊपर ख़ुदा तआला से दुआ की कि हे ख़ुदा तेरा फ़रिश्ता मुझे स्वप्न में सूरत फ़ातिहा की तफ़सीर सिखा गया था। आज मैं इस बात परीक्षा लेना चाहता हूँ कि यह ख़ाब तेरी तरफ़ से था या मेरे नफ़स का धोखा था।

अगर यह ख़ाब तेरी तरफ़ से था तो तू मुझे सूरत फ़ातिहा का आज कोई ऐसा नुक्ता बता जो इस से पहले दुनिया के किसी मुफ़स्सिर ने वर्णन न किया हो।

इस लिए इस दुआ के तुरंत बाद ख़ुदा तआला ने मेरे दिल में एक नुक्ता डाला और मैंने कहा देखो क़ुरआन-ए-करीम में अल्लाह तआला ने यह दुआ सिखाई है غَيۡرِ الۡمَغۡضُوۡبِ عَلَيۡهِمۡ وَ لَا الضَّآلِّيۡنَ। हे मुसलमानो तुम पाँच नमाज़ों में और अपनी नमाज़ की हर रकात में यह दुआ किया करो कि हम मग़ज़ूब और ज़ाल न बन जाएं। मग़ज़ूब के अर्थ रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हदीसों में स्वयं वर्णन फ़रमाए हैं। इस लिए आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि मग़ज़ूब के अर्थ हैं यहूद और ज़ाल के अर्थ हैं नसारा। अत: غَيۡرِ الۡمَغۡضُوۡبِ से मुराद यह है कि इलाही हम यहूदी न बन जाएं और وَ لَا الضَّآلِّيۡنَ से मुराद यह है कि हम नसारा न बन जाएं। इस बात की मज़ीद वज़ाहत इस बात से भी होती है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया है कि इस उम्मत में एक मसीह आएगा। अत: जो लोग उसका इंकार करेंगे वे अवश्य यहूद सिफ़त बन जाऐंगे। दूसरी तरफ़ आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह भी फ़रमाया कि ईसाइयत का फ़ित्ना एक ज़माना में ख़ास तौर पर बढ़ जाएगा। लोग रोटी के लिए, मुलाज़मत के लिए, सोसाइटी में इज़्ज़त हासिल करने के लिए ईसाइयत इख़तियार कर लेंगे या धोखा खा कर और अपने मज़हब की तालीम को न समझ कर ईसाइयत स्वीकार कर लेंगे। परन्तु यह अजीब बात है कि सूरत फ़ातिहा मक्का में नाज़िल हुई और उस वक़्त न ईसाई इस्लाम के ज़्यादा विरोधी थे और ना यहूदी इस्लाम के ज़्यादा मुख़ालिफ़ थे। उस वक़्त सबसे ज़्यादा मुख़ालिफ़त मक्का के बुत परस्तों की तरफ़ से की जाती थी परन्तु यह दुआ नहीं सिखाई गई कि इलाही हम बुत परस्त न बन जाएं बल्कि दुआ यह सिखाई गई है कि इलाही हम यहूदी या नसारा न बन जाएं। इस से साफ़ मालूम होता है कि इस सूरत के द्वारा अल्लाह तआला ने यह भविष्यवाणी फ़र्मा दी थी कि मक्का के बुत परस्त हमेशा के लिए मिटा दिए जाऐंगे और उनका नामोनिशान बाक़ी नहीं रहेगा। अत: इस बात की ज़रूरत ही नहीं कि उनके सम्बन्ध में मुस्लमानों को कोई दुआ सिखाई जाए। हाँ यहूदियत और ईसाइयत, दोनों बाक़ी रहेंगी और तुम्हारे लिए ज़रूरी होगा कि उनके फ़ित्ना से बचने के लिए हमेशा दुआएं करते रहो। जब मेरी यह तक़रीर ख़त्म हो चुकी तो बाद में बड़े बड़े अमीर लोग मुझे मिले और कहने लगे कि आपने क़ुरआन ख़ूब पढ़ा हुआ है। हमने तो अपनी सारी आयु में यह नुक्ता पहली दफ़ा सुना है। इस लिए घटना यही है कि सारी तफ़सीरों को देख लो किसी मुफ़स्सिर क़ुरआन ने आज तक यह नुक्ता वर्णन नहीं किया। हालाँकि मेरी उम्र उस वक़्त बीस वर्ष के क़रीब थी जब अल्लाह तआला ने यह नुक्ता मुझ पर खोला। उद्देश्य अल्लाह तआला ने अपने फ़रिश्ता के द्वारा मुझे क़ुरआन-ए-करीम का इलम अता फ़रमाया है और मेरे अंदर उसने प्रतिभा पैदा कर दी है कि जिस तरह किसी को ख़ज़ाना की कुंजी मिल जाती है ईसी तरह मुझे क़ुरआन-ए-करीम के उलूम की कुंजी मिल चुकी है। दुनिया का कोई आलम नहीं जो मेरे सामने आए और मैं क़ुरआन-ए-करीम की फ़ज़ीलत उस पर ज़ाहिर न कर सकूं। यह लाहौर शहर है। लाहौर में आप अलैहिस्सलाम तक़रीर फ़र्मा रहे थे यहां यूनीवर्सिटी मौजूद है। कई कॉलेज यहां खुले हुए हैं, बड़े बड़े उलूम के माहिर इस जगह पाए जाते हैं। मैं इन सबसे कहता हूँ कि दुनिया के किसी इलम का माहिर मेरे सामने आजाए, दुनिया का कोई प्रोफ़ैसर मेरे सामने आ जाए, दुनिया का कोई विज्ञानिक मेरे सामने आ जाए और वे अपने उलूम के द्वारा क़ुरआन-ए-करीम पर हमला कर के देख ले मैं अल्लाह तआला के फ़ज़ल से उसे ऐसा उत्तर दे सकता हूँ कि दुनिया स्वीकार करेगी कि इस के एतराज़ का रद्द हो गया और मैं दावा करता हूँ कि मैं ख़ुदा के कलाम से ही उस को उत्तर दूँगा और क़ुरआन-ए-करीम की आयात के द्वारा से ही उसके आरोपों को रद्द कर के दिखा दूँगा।

(उद्धरित मैं ही मुस्लेह मौऊद की भविष्यवाणी का मिस्दाक़ हूँ, अनवारुल उलूम भाग 17 पृष्ठ 213 से 217)

यह वाक़िया जैसा कि आप अलैहिस्सलाम ने बताया उस वक़्त का है जब आप अलैहिस्सलाम की आयु बीस वर्ष की थी और उस वक़्त आप अलैहिस्सलाम का ख़ुदा पर विश्वस्त पूर्ण हो चुका था लेकिन यह पूर्ण विश्वास किस आयु में हुआ, इस बारे में स्वयं हज़रत मुस्लेह मौऊद वर्णन फ़रमाते हैं जिससे यह भी पता चलता है कि

अल्लाह तआला स्वयं बचपन से आप अलैहिस्सलाम को मुस्लेह मौऊद बनने का मिस्दाक़ बना रहा था।

इस लिए आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि वर्ष 1900 ई. मेरे हृदय को इस्लामी अहकाम की तरफ़ तवज्जा दिलाने का माध्यम हुआ है। उस वक़्त में ग्यारह वर्ष का था। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के लिए कोई व्यक्ति छींट की किस्म के कपड़े का एक जुब्बा लाया। मैंने आप से वह जुब्बा ले लिया। किसी और ख़्याल से नहीं बल्कि इसलिए कि उसका रंग और उसका नक़्श मुझे पसंद था। मैं उसे पहन नहीं सकता था क्योंकि उसके दामन मेरे पांव के नीचे लटकते रहते थे। जब मैं ग्यारह वर्ष का हुआ और उन्नीस सौ साल ने दुनिया में क़दम रखा अर्थात उन्नीस सौ ईसवी ने दुनिया में क़दम रखा तो मेरे दिल में यह ख़्याल पैदा हुआ कि मैं ख़ुदा तआला पर क्यों ईमान लाता हूँ? उसके वजूद का क्या सबूत है?

मैं देर तक रात के वक़्त इस विषय पर सोचता रहा। आख़िर दस ग्यारह बजे मेरे दिल ने निर्णय किया कि हाँ एक ख़ुदा है

वह घड़ी मेरे लिए कैसी ख़ुशी की घड़ी थी। कितनी ख़ुशी का वक़्त था। जिस तरह एक बच्चे को उसकी माँ मिल जाए तो उससे उसे ख़ुशी होती है इसी तरह मुझे ख़ुशी थी कि मेरा पैदा करने वाला मुझे मिल गया। ग्यारह वर्ष की आयु में यह सोच थी। श्रवण ईमान इलमी ईमान से परिवर्तित हो गया। अर्थात सुना हुआ जो ईमान था वह इलमी ईमान से परिवर्तित हो गया। बहर हाल कहते हैं मैं अपने जामा में फूला नहीं समाता था। मैंने उस वक़्त अल्लाह तआला से दुआ की और एक अरसा तक करता रहा कि ख़ुदाया मुझे तेरी ज़ात के विषय में कभी संदेह पैदा न हो। उस वक़्त मैं ग्यारह वर्ष का था, आज मैं पैंतीस वर्ष का हूँ परन्तु आज भी मैं इस दुआ को क़दर की निगाह से देखता हूँ। मैं आज भी यही कहता हूँ ख़ुदाया तेरी ज़ात के विषय में मुझे कोई संदेह पैदा न हो। हाँ उस वक़्त मैं बच्चा था अब मुझे ज़्यादा अनुभव है। अब मैं इस क़दर ज़्यादती करता हूँ कि ख़ुदाया मुझे तेरी ज़ात के सम्बन्ध में हक़्कुल-यक़ीन पैदा हो। बहरहाल आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि बात कहाँ से कहाँ चली गई। मैं लिख रहा था कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का एक जुब्बा मैंने मांग लिया था, जब मेरे दिल में ख़्यालात की वे मौजें पैदा होनी शुरू हुईं जिनका मैं ने ऊपर वर्णन किया है तो एक दिन सुबह के वक़्त या सूरज निकलने के बाद के वक़्त मैंने वुज़ू किया और वह जुब्बा इस वजह से नहीं कि ख़ूबसूरत है बल्कि इस वजह से कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का है और पवित्र है पहन लिया। यह पहला एहसास मेरे दिल में ख़ुदा तआला के भेजे हुए के मुक़द्दस होने का था। फिर आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि मैंने उस वक़्त फिर दरवाज़ा बंद कर लिया और ख़ूब रो रो कर दुआ की, नफ़ल पढ़े।

(उद्धरित याद-ए-अय्याम, अनवारुल उलूम भाग 8 पृष्ठ 365-366)

इसका एक और जगह इस तरह आपने विस्तार से फ़रमाया है। ग्यारह वर्ष की आयु में ख़ुदा तआला की पहचान किस तरह हुई।

फ़रमाते हैं कि मैं ग्यारह वर्ष का था जब अल्लाह तआला ने मुझे अपने फ़ज़ल से

यह तौफ़ीक़ अता फ़रमाई कि मैं अपने मत को ईमान से बदल लूं। मग़रिब के बाद का वक़्त था। मैं अपने मकान में खड़ा था कि सहसा मुझे ख़्याल आया कि मैं इसलिए अहमदी हूँ कि जमाअत अहमदिया का संस्थापक मेरे बाप हैं या इसलिए अहमदी हूँ कि अहमदियत सच्ची है और यह सिलसिला ख़ुदा तआला का क़ायम करदा है। यह ख़्याल आने के बाद मैं ने निर्णय किया कि मैं इस बात पर ग़ौर कर के यहां से निकलूँगा और अगर मुझे यह पता लग गया कि अहमदियत सच्ची नहीं तो मैं अपने कमरे में दाख़िल नहीं हूँगा बल्कि यहीं सेहन से बाहर निकल जाऊँगा। यह ग्यारह साल के बच्चे की एक सोच थी। कहते हैं बहरहाल यह निर्णय करके मैं ने ग़ौर करना शुरू किया और क़ुदरती तौर पर इसके नतीजा में कुछ तर्कल मेरे सामने आए जिन पर मैं ने गौर किया। कभी एक दलील दूं उसे तोड़ दूं। फिर दूसरी दलील दूं उसे रद्द कर दूं। फिर तीसरी दलील दूं और उसे तोड़ूँ यहां तक कि होते होते यह प्रश्न मेरे सामने आया कि क्या मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ुदा तआला के सच्चे रसूल थे और क्या मैं उनको इसलिए सच्चा मानता हूँ कि मेरे माँ बाप का यह अक़ीदा है कि वह सच्चे हैं या मैं उनको इसलिए सच्चा मानता हूँ कि मुझ पर तर्कों की दृष्टि से यह रोशन हो चुका है कि वाक्य में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम रास्तबाज़ रसूल हैं। जब यह सवाल मेरे सामने आया तो मेरे दिल ने कहा अब मैं इस बात का भी निर्णय कर के रहूँगा। इस के बाद क़ुदरती तौर पर ख़ुदा तआला के विषय में मेरे दिल में प्रश्न पैदा हुआ और मैं ने कहा यह सवाल भी हल तलब है कि आया मैं ख़ुदा तआला को यूंही अक़ीदे के तौर पर मानता हूँ या सच-मुच की हक़ीक़त मुझ पर मुनकशिफ़ हो चुकी है कि दुनिया का एक ख़ुदा है। तब अल्लाह तआला के प्रश्न पर भी मैं ने ग़ौर करना शुरू किया और मेरे दिल ने कहा कि यदि ख़ुदा है तो मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सच्चे रसूल हैं और अगर मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सच्चे रसूल हैं तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम भी सच्चे हैं और अगर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम सच्चे हैं तो फिर अहमदियत भी यक़ीनन सच्ची है और अगर दुनिया का कोई ख़ुदा नहीं फिर उनमें से कोई भी सच्चा नहीं। बहरहाल कहते हैं मैं ने निर्णय कर लिया कि आज मैं इस सवाल को हल करके रहूँगा और अगर मेरे दल ने यही निर्णय किया कि ख़ुदा नहीं तो फिर मैं अपने घर में नहीं रहूँगा बल्कि फ़ौरन बाहर निकल जाऊँगा। कहते हैं कि यह निर्णय कर के मैं ने सोचना शुरू कर दिया और सोचता चला गया। अपनी आयु के लिहाज़ से छोटी आयु थी मैं इस सवाल का कोई उचित उत्तर न दे सका परन्तु फिर भी मैं ग़ौर करता चला गया यहां तक कि मेरा दिमाग़ थक गया।

उस वक़्त मैं ने आसमान की तरफ़ नज़र उठाई। उस दिन बादल नहीं थे। अब अल्लाह तआला आपको इस तरह सिखाना चाहता था। कहते हैं आसमान जो अत्यधिक साफ़ था और सितारे अत्यधिक सुन्दरता के साथ स्पष्ट चमक रहे थे। एक थके हुए दिमाग़ के लिए इस से ज़्यादा प्रसन्नता प्रदान करने वाला और कौन सा दृश्य हो सकता है। मैं थका हुआ था। आसमान देखता रहा। सितारों का आनन्द लेता रहा था। तो मैं ने भी इन सितारों को देखना शुरू कर दिया। यहां तक कि मैं इन सितारों में खो गया। थोड़ी देर के बाद जब फिर मेरे दिमाग़ को तरोताज़गी हासिल हुई तो मैंने अपने दिल में कहा कि कैसे अच्छे सितारे हैं परन्तु इन सितारों के बाद क्या होगा? मेरे दिमाग़ ने इसका यह उत्तर दिया कि उनके बाद और सितारे होंगे फिर मैंने कहा उनके बाद क्या होगा? इस का उत्तर भी मेरे दिल ने यही दिया कि इसके बाद और सितारे होंगे। फिर मेरे दिल ने कहा अच्छा तो फिर इसके बाद क्या होगा? मेरे दिमाग़ ने फिर यही उत्तर दिया कि उनके बाद और सितारे होंगे। मैं ने कहा अच्छा तो फिर इसके बाद क्या होगा? इसका भी वही उत्तर मेरे दिल और दिमाग़ ने दिया कि कुछ और सितारे होंगे। तब मेरे दिल ने कहा कि यह क्योंकर हो सकता है कि एक के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे और तीसरे के बाद चौथे सितारे हों। क्या यह सिलसिला कहीं ख़त्म नहीं होगा। अगर ख़त्म होगा तो उसके बाद क्या होगा? यही वह सवाल है जिसके सम्बन्ध में अक्सर लोग हैरान रहते हैं और वे कहते हैं कि हम जो कहते हैं कि ख़ुदा असीमित है इस के क्या अर्थ हैं? और हम जो कहते हैं कि ख़ुदा अबदी है इसके क्या अर्थ हैं? आख़िर कोई न कोई हद तो होनी चाहिए। यही सवाल मेरे दिल में सितारों के विषय में पैदा हुआ और मैं ने कहा कि आख़िर यह कहीं ख़त्म भी होते हैं या नहीं। अगर होते हैं तो इसके बाद क्या है और अगर ख़त्म नहीं होते तो यह क्या सिलसिला है जिसकी कोई इंतिहा नहीं। जब मेरा दिमाग़ यहां तक पहुंचा तो मैंने कहा ख़ुदा की हस्ती के विषय में महिदूद और ग़ैर महिदूद का प्रश्न बिल्कुल व्यर्थ है। तुम ख़ुदा तआला को जाने दो इन सितारों के विषय में क्या कहोगे मेरी आँखों के सामने ये पड़े हैं। अगर हम उनको महिदूद कहते हैं तो महिदूद वह होता है जिसके बाद दूसरी चीज़ शुरू हो जाए। अत: सवाल यह है कि अगर एक यह महिदूद हैं तो उनके बाद क्या है। फिर अगर वह महिदूद है तो उसके बाद क्या है और अगर कहीं कहो कि ये ग़ैर महिदूद हैं तो अगर सितारों की ग़ैर महदुदियत का इन्सान क़ायल हो सकता है तो ख़ुदा तआला की ग़ैर महदुदीयत का क्यों क़ायल नहीं हो सकता? तब मेरे दिल ने कहा कि हाँ वाक़्य में ख़ुदा मौजूद है क्योंकि उसने क़ानून-ए-क़ुदरत में वही आरोप रख दिया है जो उसकी ज़ात पर पैदा होता है और उस ने बता दिया है कि तुम मुझे अदृश्य चीज़ समझ कर अगर यह आरोप लगाते हो तो फिर वे चीज़ें जो तुम्हें नज़र आ रही हैं उनके सम्बन्ध में तुम्हारा क्या उत्तर है जबकि वही एतराज़ जो तुम मुझ पर करते हो उन पर भी लागू होता है और तुम्हारे पास इसका कोई उत्तर नहीं। तुम ख़ुदा तआला के सम्बन्ध में तो बे-तकल्लुफ़ी से यह कह दोगे कि हमारी समझ में यह बात नहीं आती कि वह ग़ैर महिदूद है। दूसरी जगह आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि इस दलील से जब ख़ुदा तआला का वजूद मुझ पर साबित हो गया तो फिर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सच्चाई और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सदाक़त भी मुझ पर स्पष्ट हो गई।

(उद्धरित ख़ुतबात-ए-महमूद भाग 19 पृष्ठ 689 से 692)

बहरहाल यह भी अल्लाह तआला का आपको उलूम से परिपूर्ण करने का एक सबूत है। एक मामूली पढ़े हुए बच्चे के दिल में इस तरह प्रश्न पैदा किए और फिर स्वयं मार्गदर्शन भी फ़रमाया।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत मुस्लेह मौऊद के बारे में क्या ख़्यालात रखते थे,

इसका प्रकटन हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया है। इस से लगता है कि आप अलैहिस्सलाम यही समझते थे कि यह बच्चा मुस्लेह मौऊद होगा, मुस्लेह मौऊद का मिस्दाक़ बनेगा। हज़रत मुस्लेह मौऊद एक दो वाक़ियात का वर्णन करते हैं। कहते हैं कि अरसा हुआ जबकि पहले-पहल मैं ने चंद एक दोस्तों के साथ मिलकर पत्रिका तशहीज़ुल अज़हान जारी किया था। इस पत्रिका को अवगत कराने के लिए जो मज़मून मैंने लिखा जिसमें उसके प्रारम्भ का उद्देश्य वर्णन किया वह जब प्रकाशित हुआ तो हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के हुज़ूर उसकी विशेष प्रशंसा की और किया किया कि यह मज़मून इस काबिल है कि हज़ूर उसे ज़रूर पढ़ें। इस लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मस्जिद मुबारक में वह पत्रिका मंगवाई और ग़ालिबन मौलवी मुहम्मद अली साहिब से वह लेख पढ़वा कर सुना और तारीफ़ की लेकिन इस के बाद जब मैं हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु से मिला। पहले तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सामने तारीफ़ कर दी थी लेकिन बाद में ज़ाती तौर पर फिर फ़रमाया कि मियां तुम्हारा लेख बहुत अच्छा था परन्तु मेरा दिल ख़ुश नहीं हुआ और फ़रमाया कि हमारे वतन में एक मिसल मशहूर है कि ऊंट चालीस का और टोडा बतालिस। अर्थात एक ऊंट की क़ीमत कम है और टोडे की, उसके बच्चे की उस से दो रुपय ज़्यादा है। तुमने यह कहावत पूरी नहीं की। हज़रत मुस्लेह मौऊद कहते हैं मैं तो इतनी पंजाबी नहीं जानता था। इस का अर्थ नहीं समझ सकता था। इसलिए मेरे चेहरे पर हैरत के आसार देखकर हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया शायद तुमने इसका अर्थ नहीं समझा। फ़रमाया कि हमारे इलाक़े की मिसाल है कि कोई व्यक्ति ऊंट बेच रहा था और साथ ऊंट का बच्चा भी था जिसे इस इलाक़े में टोडा कहते हैं। किसी ने उस से क़ीमत पूछी तो उसने कहा कि ऊंट की क़ीमत तो चालीस रुपय है परन्तु टोडे की बयालिस रुपय है। उसने दरयाफ़त किया कि यह क्या बात है? उसने कहा कि टोडा ऊंट भी है और बच्चा भी है। इसी तरह तुम्हारे सामने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की तसनीफ़ बराहीन अहमदिया मौजूद थी। जब यह लेखनी की गई तो उस वक़्त आप के सामने अर्थात हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सामने कोई ऐसा इस्लामी लिटरेचर मौजूद नहीं था परन्तु तुम्हारे सामने यह मौजूद थी और उम्मीद थी कि तुम इस से बढ़कर कोई चीज़ लाओगे, इस से फ़ायदा उठाओगे। हज़रत मुस्लेह मौऊद कहते हैं अवतार से

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

बढ़कर इलम तो कोई क्या ला सकता है। (यह सवाल नहीं था।) सिवाए इसके कि उनके गुप्त ख़ज़ानों को निकाल निकाल कर पेश करते रहें। हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु का अर्थ यह था कि

बाद में आने वाली नसलों का काम यही होता है कि पिछली बुनियादों को ऊंचा करते रहें।

अब हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु आपकी सेहत की हालत को भी जानते थे, इलम को भी जानते थे। इस के बावजूद आपके बारे में इतने आला ख़्यालात रखना बताता है कि यक़ीनन आप समझते थे और आपको पता था कि यह बच्चा ऐसा है। और इस लड़के में इतनी सलाहियत है कि यह उच्च कोटि के लेख लिख सकता है। बहरहाल हज़रत मुस्लेह मौऊद फ़रमाते हैं कि यह एक ऐसी बात है कि जिसे आइन्दा नसलें अगर ज़हनों में रखें ख़ुद भी बरकात और फ़ज़ल हासिल कर सकती हैं और क़ौम के लिए भी बरकात और फ़ज़लों का माध्यम हो सकती हैं परन्तु अपने पिता से आगे बढ़ने की कोशिश नेक बातों में होनी चाहिए। यह नहीं कि चोर का बच्चा यह कोशिश करे कि बाप से बढ़कर चोर हो बल्कि यह अर्थ है कि नमाज़ी आदमी की औलाद कोशिश करे कि बाप से बढ़कर नमाज़ी हो।

(उद्धरित ख़ुतबात-ए-महमूद भाग 3 पृष्ठ 484-485)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु की बचपन की सेहत की हालत का एक वाक़िया पहले वर्णन हो चुका है। आप अलैहिस्सलाम की सेहत की हालत और इलमी हालत का एक और वाक़िया है। दरअसल यह भी हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की आप अलैहिस्सलाम से मुहब्बत और शफ़क़त का वाक़िया है जो यह भी साबित करता है कि

आप इस यक़ीन पर क़ायम थे कि यह बच्चा मुस्लेह मौऊद होने वाला है।

बहरहाल हज़रत मुस्लेह मौऊद इस वाक़िया के बारे में फ़रमाते हैं कि मेरी तालीम के सिलसिला में मुझ पर सबसे ज़्यादा एहसान हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु का है। आप चूँकि चिकित्सक भी थे और इस बात को जानते थे कि मेरी सेहत इस योग्य नहीं कि मैं किताब की तरफ़ ज़्यादा देर तक देख सकूँ। इस लिए आपका तरीक़ था कि आप अलैहिस्सलाम मुझे अपने पास बिठा लेते और फ़रमाते मियां मैं पढ़ता जाता हूँ तुम सुनते जाओ। फिर आप अपनी सेहत की हालत वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि इस की वजह यह थी कि बचपन में मेरी आँखों में कुकरे पड़ गए थे। पहले भी आँखों के बारे में वर्णन हो चुका है। और नियमित तीन चार साल तक मेरी आँखें दुखती रहीं और ऐसी शदीद तकलीफ़ कुकरों की वजह से पैदा हो गई कि डाक्टरों ने कहा कि इस की बीनाई ज़ाए हो जाएगी। इस पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मेरी सेहत के लिए खासतौर पर दुआएं करनी शुरू कर दीं और साथ ही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मेरे लिए रोज़े रखने शुरू कर दिए। हज़रत मुस्लेह मौऊद फ़रमाते हैं कि मुझे उस वक़्त याद नहीं कि आप ने कितने रोज़े रखे। बहरहाल तीन या सात रोज़े आप ने रखे। जब आख़िरी रोज़े की इफ़तारी करने लगे और रोज़ा खोलने के लिए मुँह में कोई चीज़ डाली तो यकदम मैं ने आँखें खोल दीं और मैं ने आवाज़ दी कि मुझे नज़र आने लग गया है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम जब इफ़तारी करने लगे थे तो उस वक़्त हज़रत मुस्लेह मौऊद ने कहा मैं ने आँखें खोलीं और मैंने आँखें खोल के कहा मुझे नज़र आने लग गया है। लेकिन इस बीमारी की शिद्दत और इस के नियमित हमलों का नतीजा यह हुआ कि मेरी एक आँख की रौशनी मारी गई। इस की तफ़सील आप अलैहिस्सलाम वर्णन करते हैं कि इस लिए मेरी बाई आँख में देखने की शक्ति नहीं है। मैं रस्ता तो देख सकता हूँ परन्तु इससे किताब नहीं पढ़ सकता। दो-चार फुट पर अगर कोई ऐसा आदमी बैठा हो जो मेरा जाना-पहचाना हुआ हो तो मैं उस को देखकर पहचान सकता हूँ लेकिन अगर कोई बे पहचाना बैठा हो तो मुझे उसकी शक्ल नज़र नहीं आ सकती। केवल दाई आँख काम करती है परन्तु इस में भी कुकरे पड़ गए और वह ऐसे शदीद हो गए कि कई कई रातें में जाग कर काटा करता था।

तो यह सेहत की हालत है और फिर देखें आप अलैहिस्सलाम के इलमी काम। किस तरह ख़ुदा तआला की सहायता ने आप अलैहिस्सलाम को नवाज़ा।

बहरहाल आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मेरे उस्तादों से कह दिया था कि पढ़ाई उसकी मर्ज़ी पर होगी। यह जितना पढ़ना चाहे पढ़े और अगर न पढ़े तो इस पर ज़ोर न दिया जाए क्योंकि उसकी सेहत इस योग्य नहीं कि यह पढ़ाई का बोझ बर्दाश्त कर सके। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम बार हा मुझे केवल यही फ़रमाते थे कि तुम क़ुरआन का अनुवाद और बुख़ारी हज़रत मौलवी-साहब से पढ़ लो अर्थात हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु से पढ़ लो। इस के अतिरिक्त हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह भी फ़रमाया था कि कुछ चिकित्सा भी पढ़ लो क्योंकि यह हमारा ख़ानदानी फ़न है।

बहरहाल आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं उद्देश्य इस रंग में मेरी तालीम हुई और मैं दरहक़ीक़त विवश भी था क्योंकि बचपन में इलावा आँखों की तकलीफ़ के मुझे जिगर की ख़राबी का भी रोग था। बेशुमार बीमारियां थीं। छः छः महीने मूंग की दाल का पानी या साग का पानी मुझे दिया जाता रहा। फिर इसके साथ तिल्ली भी बढ़ गई थी। रैड आइयो डाईड आफ़ मरकरी (mercury) की तली के मुक़ाम पर मालिश की जाती थी। ईसी तरह गले पर इस की मालिश की जाती क्योंकि मुझे एक गले का रोग की भी शिकायत थी। उद्देश्य आँखों में कुकरे, जिगर की ख़राबी, अज़म तहाल (तिल्ली की बीमारी, तिल्ली का सूजन संबंधी रोग जिसमें कमज़ोरी के कारण शरीर पीले रंग से ढक जाता है।) की शिकायत फिर इस के साथ बुख़ार का शुरू होना जो छः छः महीने तक नहीं उतरता और मेरी पढ़ाई के सम्बन्ध में बुज़ुर्गों का निर्णय कर देना कि यह जितना पढ़ना चाहे पढ़ ले इस पर ज़्यादा ज़ोर नहीं दिया जाए। इन हालात से हर शख़्स अनुमान लगा सकता है कि मेरी तालीमी क़ाबिलीयत का क्या हाल होगा।

एक दफ़ा हमारे नाना-जान हज़रत मीर नासिर नवाब साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने मेरी उर्दू की परीक्षा ली।

फ़रमाया कि अब भी मेरा ख़त अच्छा नहीं है परन्तु उस ज़माना में मेरा इतना ख़राब था कि पढ़ा ही नहीं जाता थाकि मैंने क्या लिखा है। उन्होंने बड़ी कोशिश की कि पता लगाऐं मैंने क्या लिखा है परन्तु उन्हें कुछ पता नहीं चला। मीर साहिब की तबीयत में बड़ी तेज़ी थी। ग़ुस्सा मैं फ़ौरन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पास पहुंचे। मैं भी संयोग से उस वक़्त घर में ही था। हम तो पहले ही उनकी तबीयत से डरा करते थे। हज़रत मुस्लेह मौऊद कहते हैं नाना थे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो और भी डर पैदा हुआ कि अब न मालूम क्या हो। ख़ैर मीर साहिब आ गए और हज़रत साहब से कहने लगे कि महमूद की तालीम की तरफ़ आप को ज़रा भी तवज्जा नहीं है। मैंने उसका उर्दू का इमतिहान लिया था। आप ज़रा पर्चा तो देखें उसका इतना बुरा ख़त है कि कोई भी यह ख़त नहीं पढ़ सकता। फिर ईसी जोश की हालत में वे हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से कहने लगे आप बिल्कुल पर्वा नहीं करते और लड़के की आयु बर्बाद हो रही है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जब मीर साहिब को इस तरह जोश की हालत में देखा तो फ़रमाया बुलाओ मौलवी-साहब को। जब आपको कोई मुश्किल दरपेश आती तो आप हमेशा हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु को बुला लिया करते थे। हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल को मुझसे बड़ी मुहब्बत थी। आप तशरीफ़ लाए और हसब-ए-मामूल सिर नीचे डाल कर एक तरफ़ खड़े हो गए। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया मौलवी-साहब मैंने आपको इस उद्देश्य के लिए बुलाया है कि मीर साहिब कहते हैं कि महमूद का लिखा हुआ पढ़ा नहीं जाता। मेरा जी चाहता है कि इस की परीक्षा ले ली जाए। यह कहते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने क़लम उठाई और दो तीन सतर में एक इबारत लिख कर मुझे दी और फ़रमाया इस को नक़ल करो। बस यह परीक्षा थी जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ली। मैंने बड़ी एहतियात से और बहुत सोच समझ कर उस को नक़ल कर दिया। अव्वल तो वह इबारत कोई ज़्यादा लंबी नहीं थी। दूसरे मैंने केवल नक़ल करना था और नक़ल करने में तो और भी आसानी होती है क्योंकि असल चीज़ सामने होती है और फिर मैं ने आहिस्ता-आहिस्ता नक़ल किया। अलिफ़ और बा इत्यादि एहतियात से डाले। जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस को देखा तो फ़रमाने लगे मुझे तो मीर साहिब की बात से बड़ी चिंता पैदा हो गई थी परन्तु उस का ख़त तो मेरे ख़त के साथ मिलता-जुलता है। हज़रत मुस्लेह मौऊद कहते हैं कि हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल तो पहले ही मेरे हक़ में थे और मेरे समर्थन में उधार खाए बैठे थे। फ़रमाने लगे कि हुज़ूर मीर साहिब को यूंही जोश आ गया अन्यथा उस का ख़त तो बड़ा अच्छा है। तो ये हालात थे मेरे। कहते हैं ऐसे हालात में देख लो कि मैंने ज़ाहिरी इलम क्या हासिल करना था।

फिर अपनी तालीमी क़ाबिलियत के बारे में एक अवसर पर आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

कि हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु मुझे फ़रमाया करते थे कि मियां तुम्हारी सेहत ऐसी नहीं कि तुम ख़ुद पढ़ सको। मेरे पास आ जाया करो। मैं पढ़ता जाऊँगा और

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस

ख़िलाफत का निज़ाम भी अल्लाह तआला और उसके रसूल के आदेशों और निज़ाम का हिस्सा है।

(ख़ुत्बा जुम्अः 24 मई 2019 ई)

तालिबे दुआ

मुहम्मद शुएब सुलेजा पुत्र जनाब मुहम्मद ज़ाहिद सुलेजा मरहूम तथा फैमली, अहमदिया जमाअत कानपुर(उत्तर प्रदेश)

तुम सुनते रहा करो। इस लिए उन्होंने ज़ोर दे देकर पहले क़ुरआन पढ़ाया फिर बुख़ारी पढ़ा दी। ये नहीं कि आप अलैहिस्सलाम ने आहिस्ता-आहिस्ता मुझे क़ुरआन पढ़ाया बल्कि आप अलैहिस्सलाम का तरीक़ यह था कि आप क़ुरआन पढ़ते जाते और साथ साथ उस का अनुवाद करते जाते। कोई बात ज़रूरी समझते तो बता देते अन्यथा जल्दी जल्दी पढ़ाते जाते। आप अलैहिस्सलाम ने तीन महीना में मुझे सारा क़ुरआन पढ़ा दिया। इस के बाद फिर कुछ छुट्टियाँ होने लग गई। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की वफ़ात के बाद आप अलैहिस्सलाम ने फिर मुझे कहा कि मियां मुझसे बुख़ारी तो पूरी पढ़ लो। फ़रमाते हैं कि दरअसल मैंने आप अलैहिस्सलाम को बता दिया था अर्थात ख़लीफ़ा अव्वल को बता दिया था कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम मुझे फ़रमाया करते थे कि मौलवी-साहब से क़ुरआन और बुख़ारी पढ़ लो। इस लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की ज़िंदगी में ही में ने आप अलैहिस्सलाम से क़ुरआन और बुख़ारी पढ़नी शुरू कर दी थी जबकि नागे होते रहे। ईसी तरह चिक्तिसा भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की हिदायत के अधीन मैंने आप अलैहिस्सलाम से शुरू कर दी थी।

बहरहाल फ़रमाते हैं कि उद्देश्य मैं ने आप अलैहिस्सलाम से चिकित्सा भी पढ़ी और क़ुरआन-ए-करीम की तफ़सीर भी। क़ुरआन-ए-करीम की तफ़सीर आप अलैहिस्सलाम ने दो महीने में ख़त्म करा दी। आप अलैहिस्सलाम मुझे अपने पास बिठा लेते और कभी नसफ़ और कभी पूरा पूरा पारा अनुवाद के साथ पढ़ कर सुना देते। किसी किसी आयत की तफ़सीर भी कर देते। ईसी तरह बुख़ारी आप अलैहिस्सलाम ने दो तीन महीने में मुझे ख़त्म करा दी। एक दफ़ा रमज़ान के महीना में आप अलैहिस्सलाम ने सारे क़ुरआन का दरस दिया तो इस में भी मैं शरीक हो गया। चंद अरबी के पत्रिका भी मुझे आप अलैहिस्सलाम से पढ़ने का संयोग हुआ। उद्देश्य यह मेरी इलमीयत थी।

(उद्धरित अल् मौउद, अनवारुल उलूम भाग 17 पृष्ठ 532 से 537)

अपनी पहली तक़रीर और इस पर हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु की पसंदीदगी का इज़हार

इसके बारे में वर्णन फ़रमाते हैं कि हमारे एक उस्ताद थे मैंने उनको देखा है कि जब मैं दरस देता तो वह बाक़ायदा मेरे दरस में शामिल होते थे लेकिन इस के मुक़ाबले में मेरे एक और उस्ताद थे। जब कभी वह दरस दे रहे होते तो पहले साहिब मस्जिद में आकर उन्हें दरस देते हुए देखते तो चले जाते और कहते कि उसकी बातें क्या सुननी हैं ये तो सुनी हुई हैं। परन्तु मेरे दरस में बावजूद इस के कि मैं उनका शागिर्द था इस कारण से कि मुझ पर सुधारणा रखते थे ज़रूर शामिल होते और फ़रमाया करते थे कि मैं इस के दरस में इसलिए शामिल होता हूँ कि इस के माध्यम से क़ुरआन-ए-करीम के कुछ नए अर्थ मुझे मालूम होते हैं। यह अल्लाह तआला का फ़ज़ल होता है कि कुछ लोगों पर छोटी उम्र में ही ऐसे उलूम खोल दिए जाते हैं जो दूसरों की कल्पना में भी नहीं होते। वास्तव में बात तो यह थी कि अल्लाह तआला ने आप अलैहिस्सलाम को मुस्लेह मौऊद का मिस्दाक़ बनाना था इसलिए ख़ुद ही तालीम भी दे रहा था। बहरहाल आप फ़रमाते हैं कि इसी मस्जिद में ग़ालिबन मस्जिद अक्सा की बात है 1907 ई. में सबसे पहली दफ़ा मैंने पब्लिक तक़रीर की। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की ज़िंदगी का, वफ़ात से एक वर्ष पहले की घटना है। जलसे का अवसर था। बहुत से लोग जमा थे। हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु भी मौजूद थे। मैंने सूरत लुक़्मान का दूसरा रूकू पढ़ा और फिर उसकी तफ़सीर वर्णन की। मेरी अपनी हालत उस वक़्त यह थी कि जब मैं खड़ा हुआ तो चूँकि इस से पहले मैंने पब्लिक में कभी लैक्चर नहीं दिया था और मेरी उम्र भी इस वक़्त केवल अठारह वर्ष की थी। फिर उस वक़्त हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु भी मौजूद थे और अंजुमन के मैंबरान भी थे और बहुत से और मित्र भी आए हुए थे इसलिए मेरी आँखों के आगे अंधेरा छा गया। उस वक़्त मुझे कुछ मालूम नहीं था कि मेरे सामने कौन बैठा है और कौन नहीं। तक़रीर आध घंटा या पोन घंटा जारी रही। जब मैं तक़रीर ख़त्म कर के बैठा तो मुझे याद है हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अव्वल रज़ियल्लाहु अन्हु ने खड़े हो कर फ़रमाया। मियां मैं तुमको मुबारकबाद देता हूँ कि तुमने ऐसी आला तक़रीर की। मैं तुम्हें ख़ुश करने के लिए नहीं कह रहा। मैं तुम्हें यक़ीन दिलाता हूँ कि वाक़ई अच्छी थी।

(उद्धरित ख़ुतबात-ए-महमूद भाग 22 पृष्ठ 472-473)

अत: अल्लाह तआला ने आपको उलूम से ऐसा परिपूर्ण किया कि आपकी बावन साला ज़िंदगी इस पर गवाह है कि चाहे वे दीनी मज़ामीन का प्रश्न हो या किसी दुनियावी मज़मून का, जब भी आपको किसी मौज़ू पर लिखने और बोलने को कहा गया आपने इलम-ओ-इर्फ़ान के दरिया बहा दिए।

बेशुमार अवसरों पर आपकी तक़ारीर को ग़ैरों ने भी बेहद सराहा और यह भी रिकार्ड में मौजूद है और बरमला पब्लिक के सामने उनकी तारीफ़ की। अख़बारों ने भी ख़बरें जमाई और इस बात से वाज़िह होता है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की भविष्यवाणी बड़ी शान से पूरी हुई। बहरहाल आपका लिटरेचर और ख़ुतबात एक क़ीमती ख़ज़ाना हैं हज़ारों पृष्ठों में शायद लाख के क़रीब पृष्ठ होंगे। अब अंग्रेज़ी में भी और दूसरी भाषाओँ में भी यह अनुवाद हो रहा है। हमारा भी काम है कि इस से लाभ प्राप्त करें।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु अपने आपको मुस्लेह मौऊद की भविष्यवाणी का मिस्दाक़ ठहराते हुए फ़रमाते हैं कि "अल्लाह तआला के फ़ज़ल और इस के रहम से वे भविष्यवाणी जिसके पूरा होने का एक लंबे अरसा से इंतिज़ार किया जा रहा था अल्लाह तआला ने इस के सम्बन्ध में अपने इल्हाम और ध्वज के द्वारा से मुझे बता दिया है कि वे भविष्यवाणी मेरे वजूद में पूरी हो चुकी है।

और अब इस्लाम के दुश्मनों पर ख़ुदा तआला ने कामिल हुज्जत कर दी है और उन पर यह अमर वाज़िह कर दिया है कि इस्लाम ख़ुदा तआला का सच्चा धर्म, मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ुदा तआला के सच्चे रसूल और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ख़ुदा तआला के सच्चे भेजे हुए हैं। झूठों हैं वे लोग जो इस्लाम को झूठा कहते हैं। काज़िब हैं वे लोग जो मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को काज़िब कहते हैं। ख़ुदा ने इस महान भविष्यवाणी के द्वारा इस्लाम और रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सदाक़त का एक ज़िंदा सबूत लोगों के सामने पेश कर दिया है।

भला किस व्यक्ति की ताक़त थी कि वह 1886 में आज से पूरे अट्ठावन वर्ष पूर्व जब आप वर्णन कर रहे हैं उस वक़्त अट्ठावन वर्ष हो चुके थे अपनी तरफ़ से यह ख़बर दे सकते कि उसके पास नौ वर्ष के अरसा में एक लड़का पैदा होगा। वह जल्द जलद बढ़ेगा। वह दुनिया के किनारों तक शौहरत पाएगा, वह इस्लाम और रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का नाम दुनिया में फैलाएगा, वह उलूम-ए-ज़ाहिरी और बातिनी से परिपूर्ण किया जाएगा, वह जलाल-ए-इलाही के ज़हूर का मोजिब होगा और ख़ुदा तआला की क़ुदरत और उसकी क़ुरबत और उसकी रहमत का वह एक ज़िंदा निशान होगा। यह ख़बर दुनिया का कोई इन्सान अपने पास से नहीं दे सकता था। ख़ुदा ने यह ख़बर दी और फिर उसी ख़ुदा ने इस ख़बर को पूरा किया। इस इन्सान के द्वारा जिसके सम्बन्ध में डाक्टर यह उम्मीद नहीं।" उस इन्सान के द्वारा उसको पूरा किया जिसके सम्बन्ध में डाक्टर ये उम्मीद नहीं "रखते थे कि वह ज़िंदा रहेगा या लंबी उम्र पाएगा।"

फिर अपनी सेहत के बारे में बताया है कि "मेरी सेहत बचपन में ऐसी ख़राब थी कि एक अवसर पर डाक्टर मिर्ज़ा याक़ूब बेग़ साहिब ने मेरे सम्बन्ध में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से कह दिया कि उसे सिल (T.B) हो गया है किसी पहाड़ी मुक़ाम पर उसे भिजवा दिया जाए।" टी. बी की वजह से। "इस लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मुझे शिमला भिजवा दिया परन्तु वहां जा कर में उदास हो गया और इस वजह से जल्दी ही वापस आ गया।" फ़रमाया कि "ग़रज़ ऐसा इन्सान जिसकी सेहत कभी एक दिन भी अच्छी नहीं हुई इस इन्सान को ख़ुदा ने ज़िंदा रखा और इस लिए ज़िंदा रखा कि इस के द्वारा अपनी पेशगोइयों को पूरा करे और इस्लाम और अहमदियत की सदाक़त का सबूत लोगों के सामने प्रदान करे। फिर में वह शख़्स था जिसे उलूम-ए-

Tahir Ahmad Zaheer
M.Sc. (Chemistry) B.Ed.
DIRECTOR
طالب دعا
Tahir Ahmad Zaheer
Director oxford N.T.T.College
Jaipur (Rajasthan)
TEACHER TRAINING
OXFORD N.T.T. COLLEGE
(Teacher Training)
(A unit of Oxford Group of Education)
Affialiated by A.I.I.C.C.E. New Delhi 110001
0141-2615111- 7357615111
oxfordnttcollege@gmail.com
Add. Fateh Tiba Adarsh Nagar, Jaipur-04
Reg. No. AllCCE-0289/Raj.

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 103 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

ज़ाहिरी में से कोई इलम हासिल नहीं था परन्तु ख़ुदा ने अपने फ़ज़ल से फ़रिश्तों को मेरी तालीम के लिए भिजवाया और मुझे क़ुरआन के इन अर्थों से अवगत फ़रमाया जो किसी इन्सान की कल्पना में भी नहीं आ सकते थे। वे इलम जो ख़ुदा ने मुझे अता फ़रमाया, वह चशमा रुहानी जो मेरे सीने में फूटा वह काल्पनिक नहीं है बल्कि ऐसा स्पष्ट और विश्वसनीय है कि

मैं सारी दुनिया को चैलेंज करता हूँ कि अगर इस दुनिया के पर्दा पर कोई व्यक्ति ऐसा है जो यह दावा करता हो कि ख़ुदा तआला की तरफ़ से उसे क़ुरआन सिखाया गया है तो मैं हर वक़त उस से मुक़ाबला करने के लिए तैयार हूँ।"

लेकिन कोई नहीं आया मुक़ाबला पर। "लेकिन मैं जानता हूँ आज दुनिया के पर्दा पर सिवाए मेरे और कोई व्यक्ति नहीं जिसे ख़ुदा की तरफ़ से क़ुरआन-ए-क्रीम का इलम अता फ़रमाया गया हो।

ख़ुदा ने मुझे क़ुरआन का ज्ञान प्रदान किया है और इस ज़माना में उस ने क़ुरआन सिखाने के लिए मुझे दुनिया का उस्ताद निर्धारित किया है। ख़ुदा ने मुझे इस उद्देश्य के लिए खड़ा किया है कि मैं मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और क़ुरआन-ए-करीम के नाम को दुनिया के किनारों तक पहुंचाऊं और इस्लाम के मुक़ाबले में दुनिया के समस्त झूठे अदयान को हमेशा की शिकस्त दे दूं।"

और आप अलैहिस्सलाम ने इस काम को किया। आप अलैहिस्सलाम के ज़माने में बेशुमार अनुवाद क़ुरआन-ए-करीम के प्रकाशित हुए। बेशुमार तो नहीं काफ़ी हद तक शाय हुए और फिर उसी काम को अब तक आगे बढ़ाया जा रहा है। आप अलैहिस्सलाम की ज़िंदगी में सतरह अठारह भाषाओँ में अनुवाद हो गए थे । इसी तरह इस्लाम की तब्लीग़ दुनिया के किनारों तक आप अलैहिस्सलाम के ज़माने में पहुंची।

फ़रमाया कि "दुनिया ज़ोर लगा ले वह अपनी समस्त ताक़तों और जमईयतों को इकट्ठा कर ले। ईसाई बादशाह भी और उनकी हुकूमतें भी मिल जाएं। यूरोप भी और अमरीका भी इकट्ठा हो जाए, दुनिया की समस्त बड़ी बड़ी मालदार और ताक़तवर कौमें इकट्ठी हो जाएं और वे मुझे इस उद्देश्य में नाकाम करने के लिए मुत्तहिद हो जाएं फिर भी मैं ख़ुदा की क़सम खा कर कहता हूँ कि वह मेरे मुक़ाबला में नाकाम रहेंगी और ख़ुदा मेरी दुआओं और तदाबीर के सामने उनके समस्त मन्सूबों और मकरों और फ़रेबों को मालिया-मेट कर देगा और ख़ुदा मेरे द्वारा से या मेरे शागिर्दों और इत्तिबा के द्वारा से इस भविष्यवाणी की सदाक़त साबित करने के लिए रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के नाम के तुफ़ैल और इस्लाम के सदके इज़्ज़त को क़ायम करेगा और इस वक़्त तक दुनिया को नहीं छोड़ेगा जब तक इस्लाम फिर अपनी पूरी शान के साथ दुनिया में क़ायम न हो जाए और जब तक मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को फिर दुनिया का ज़िंदा नबी स्वीकार न कर लिया जाए।"

(अल् मौउद, अनवारुल उलूम भाग 17 पृष्ठ 613-614)

अत: यह भविष्यवाणी तो पूरी हुई। आप अलैहिस्सलाम ने अपना दौर भी गुज़ारा लेकिन भविष्यवाणी के जो शब्द हैं यह इस वक़्त तक क़ायम हैं और यह इन शा अल्लाह उस वक़्त तक क़ायम रहेंगे और यह चलती चली जाएगी जब तक हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का मिशन पूरा न हो जाए और इस्लाम का झंडा समस्त दुनिया में न लहराने लग जाए। अत: हमें याद रखना चाहिए कि इस भविष्यवाणी पर हमारे जलसे और उस को याद रखना तभी फ़ायदामंद है जब हम इस उद्देश्य को हमेशा सामने रखें कि हमने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की इज़्ज़त और वक़ार को दुनिया में क़ायम करना है और दुनिया पर इस्लाम की सच्चाई ज़ाहिर कर के सबको आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के झंडे तले लेकर आना है। आज हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मानने वालों के सिवा और कोई नहीं जिसके द्वारा से इस्लाम का झंडा दुनिया में दुबारा लहराए और दुनिया में इस्लाम फैले। अल्लाह तआला हमें इस काम के करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। (अल् फ़ज़ल इंटरनैशनल 11 मार्च 2022 पृष्ठ 5 से 9

★★★

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

पृष्ठ 12 का शेष

(ज़मीमा तारीख़-ए-अहमदियत भाग 8 पृष्ठ 11)

बहरहाल ख़ुशी मुहम्मद शाकिर साहिब का जहां तक वर्णन है। 1969 ई. में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की। फिर ज़िंदगी वक़्फ़ की। जामिआ अहमदिया में दाख़िल हुए। 1977 ई. में जामिआ से शाहिद की डिग्री हासिल की। 1978 ई. में अरबी फ़ाज़िल का इमतिहान पास किया। फिर जमाअती ख़िदमात करते रहे। साथ ही उन्होंने 1987 ई. में एम.ए. इस्लामियात की डिग्री भी हासिल की और पाकिस्तान के इलावा के मुख़्तलिफ़ शहरों कैगनी कनाकरी में बतौर मुबल्लिग़ सिलसिला उन्होंने ख़िदमत की तौफ़ीक़ पाई। वहां फ्रैंच भाषा में डिप्लोमा भी उन्होंने हासिल किया। अल्लाह तआला ने उनको छ: बेटों से नवाज़ा। उनके एक बेटे नासिर इस्लाम साहिब मुरब्बी सिलसिला हैं। रब्वाह में ही उस वक़्त चयन हैं। 77 ई. से 91 ई. तक पाकिस्तान के मुख़्तलिफ़ इलाक़ों में उनको ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली और 91ई. से 2007 ई. तक सीरालियून और गिनी कनाकरी में ख़िदमत की तौफ़ीक़ पाई। वहां से वापस आए तो 2008 ई. से अंजुमन के दफ़ातिर के मुख़्तलिफ़ विभागों में काम करने की तौफ़ीक़ मिली। ऐडीशनल नज़ारत इस्लाह-ओ-इरशाद मुक़ामी और नज़ारत उमूर-ए-आमा में ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। यह अफ़्रीक़ा में जब थे तो उनके माध्यम से कई सईद रूहों को अहमदियत में दाख़िल होने की तौफ़ीक़ मिली। कई जमाअतें क़ायम हुईं। बड़े बेनफ़्स और मेहनत करने वाले मुबल्लिग़ थे। उनके तब्लीग़ के मैदान के बड़े ईमान अफ़रोज़ वाक़ियात भी हैं जो मुख़्तलिफ़ लोगों ने वर्णन किए हैं कि किस तरह अल्लाह तआला उनकी मदद फ़रमाता था। उनको जुलाई 1986 ई. में कलिमा तय्यबा के केस में जेल में रहने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

